पंजाब केसरी 09/09/2025



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों को सम्बोधित करते मुख्य वक्ता। (चंद्रमोहन)

# जी.एम.एन. कॉलेज के वाणिज्य विभाग में प्रोफैशनल एथिक्स पर हुआ सैमीनार

अम्बाला, 8 सितम्बर (बलराम): जी.एम.एन. कॉलेज के वाणिज्य विभाग द्वारा प्रोफैशनल एथिक्स विषय पर एक सैमीनार का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में दलबीर सिंह आईओबी तथा डा. अजय डोगरा सी.ए. एवं सहायक प्राध्यापक, चितकारा यूनिवर्सिटी उपस्थित रहे। इस अवसर पर वाणिज्य विभागाध्यक्ष राममूर्ति सहित अन्य संकाय सदस्य भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ विभागाध्यक्ष राममूर्ति द्वारा औपचारिक स्वागत भाषण से किया गया। सैमीनार में दलबीर सिंह ने विद्यार्थियों को व्यवसायिक नैतिकता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए बताया कि किस प्रकार प्रोफैशनल एथिक्स कार्यक्षेत्र में सफलता और विश्वास की नींव है।

डा. अजय डोगरा ने अपने संबोधन में व्यवसायिक जगत की चुनौतियों, शिक्षा में नैतिक मूल्यों, सेवाओं की गुणवत्ता, ग्राहक संतुष्टि तथा प्रभावी नेतृत्व क्षमता पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि ज्ञान और कौशल के साथ यदि नैतिक मूल्य जुड़ जाएं तो ही वास्तविक सफलता प्राप्त होती है। प्रोफैशनल एथिक्स न केवल कार्यक्षेत्र में विश्वास पैदा करता है, बल्कि समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी को भी मजबूत करता है।

राममूर्ति ने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन के साथ-साथ उनके व्यक्तित्व विकास में भी सहायक सिद्ध होती हैं। विद्यार्थियों ने भी सैमीनार को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायी बताया।